को खोलने से सम्बन्धित प्रस्तावों पर विचार करती है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा नई तकनीकी संस्थाओं के खोलने के प्रस्ताव पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

शिक्षक शिक्षा कालेजों के लिए केन्द्रीय स्तर पर अभी तक कई सांविधिक प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

विधि कालेजों का गठन स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर संबंधित विश्वविद्यालय के साथ सम्बद्धन सहित किया जाता है।

**आठवीं योजना अवधि के दौरान कोयले की मांग तथा उत्पादन**

1208. श्री अजीत जोगी :
कुमारी आलिया :

क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक कोयले की कुल कितनी अनुमानित मांग होगी तथा कितनी मात्रा में उत्पादन होने की संभावना है ;

(ख) क्या इस संबंध में कोई दीर्घ-अवधि नीति तैयार की जा चुकी है ;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) मध्य प्रदेश में स्थित कोयला खानों में इसकी प्रतिशतता क्या होगी ?

**ऊर्जा मंत्री (श्री कल्याण सिंह कालवी)** (क) से (ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। किंतु योजना आयोग द्वारा गठित आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिए कोयला तथा लिग्नाइट से संबंधित कार्यकारी दल ने आठवीं योजना के अंतिम वर्ष (1994–95) तक कच्चे कोयले की 315 मि० टन मांग होने का अनुमान लगाया है। कार्यकारी दल ने वर्ष 1994–95 तक 310.31 मि० टन कोयला उत्पादन योजना का सुझाव दिया है और मांग तथा उपलब्धता के बीच का अंतराल को खान-मुहाना भंडारों तथा इस्पात क्षेत्र के लिए अपेक्षित कोककर कोयले के आयात द्वारा पूरा किए जाने का प्रस्ताव है। उत्पादन में वृद्धि निम्नलिखित के जरिए प्राप्त किया जाएगा—उत्पादकता, विद्यमान खानों तथा चालू परियोजनाओं के उत्पादन द्वारा और नई परियोजनाओं का विकास करके।

(घ) मध्य प्रदेश में स्थित कोयला क्षेत्रों से वर्ष 1994–95 के दौरान कोयले का उत्पादन, अखिल भारतीय उत्पादन के लगभग 27% प्राप्त होने की संभावना है।

**केन्द्रीय विद्यालय संगठन के क्षेत्रीय कार्यालयों का खोला जाना**

1209. श्री अजीत जोगी :
कुमारी आलिया :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का केन्द्रीय विद्यालय संगठन के कुछ और क्षेत्रीय कार्यालय खोलने का विचार है ;

(ख) यदि हां, तो ये कार्यालय कब तक खोले जायेंगे ;

(ग) क्या मध्य प्रदेश में भी एक क्षेत्रीय कार्यालय खोले जाने के लिए कोई मांग की गई है; और

(घ) यदि हां, तो यह कार्यालय वहां पर कब तक खोले जाने की संभावना है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागेय गोवर्धन) :** (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) मध्य प्रदेश में एक नया क्षेत्रीय कार्यालय खोलने के सुझाव की जांच की गई थी। परन्तु केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने कोई भी नया क्षेत्रीय विद्यालय नहीं खोलने का निश्चय किया है।